RAF SECTOR

NEWS CLIP

02/12/18

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Jamshedpur,JKD.)

रैफ 106 वाहिनी के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम : सुंदरनगर रैफ 106 वाहिनी के 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट पीके सिंह ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। इस अवसर पर सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैंप परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर रैफ के अधिकारी समेत जवान उपस्थित थे।

Prabhat Bhabar (Jamshedpur,JKD)

ईमानदारी से बल का नाम रोशन रखें : कमांडेंट

जमशेदपुर. हम लोगों को कुछ ऐसा काम करना है, जिससे हमारे बल का नाम रोशन हो. अब तक जिस प्रकार हमलोग सक्रिय होकर हर काम को ईमानदारी के साथ करते रहे हैं, आगे भी उसी प्रकार से करते रहना है. उक्त बातें रैफ 106 के कमांडेंट पीके सिंह ने शनिवार को रैफ 106 के स्थापना दिवस के मौके पर कही. शनिवार को सुंदरनगर स्थित रैफ 106 परिसर में 29वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस मौके पर सबसे पहले गार्ड की सलामी कमांडेंट ने ली. उसके बाद सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस मौके पर कमांडेंट ने सभी जवान व ऑफिसरों को बधाई दी. स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता व एड्स जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया.

Prabhat Bhabar (Jamshedpur,JKD)

जागरुकता की कम

प्रतिनिधि ▷ नरवा

स्वस्थ जीवन खुशहाल जीवन है. यह बात शनिवार को 106 द्रुत कार्य बल के मेंस भवन में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एवं 106 बीएन द्रुत कार्य बल द्वारा आयोजित विश्व एड्स दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि ग्रुप सेंटर के सीएमओ एसजी डॉ लॉरेंस बांडो ने कही. उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है, जब हम स्वयं सुरक्षित रहेंगे.

उन्होंने एड्स के संबंध में कहा कि यह एक लाइलाज बीमारी है. इसे सिर्फ हम रोक सकते हैं. दुनिया में इसके इलाज के लिए रिसर्च चल रहा है. अफ्रीका देश सबसे ज्यादा एड्स से प्रभावित है. भारत में भी दिनों दिन एड्स के रोगियों की संख्या बढ़ रही है. इसका मुख्य कारण है जागरुकता की कमी. एड्स असुरक्षित यौन संबंध बनाने से होता है. कहा कि जो भी व्यक्ति एड्स से पीड़ित है, उन्हें लंबी जीवन जीने के लिये सहारा दें, तिरस्कार नहीं करें. रैफ 106 बीएन के सीएमओ डॉ अमुल्यो कुजूर ने कहा कि संयमित जीवन अपनाएं और अपने जीवन साथी के साथ ईमानदारी से लंबा जीवन बिताये. मौके पर पथ संस्था ने एड्स से संबंधित नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया. मौके पर डॉ एल बांडो, डॉ एमुल्यो कुजुर, एसपी नंदनवार, राजकुमार, संजय तिर्की, डॉ अभिषेक, अमरकांत कुमार आदि उपस्थित थे.

नाटक का मंचन करते पंथ संस्था के कलाकार.

Dainik Jagran & I Next (Pryagaraj,UP)

मनाया गया स्थापना दिवस

जासं, प्रयागराज : रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 101 बटालियन ने शनिवार को अपना 29वां स्थापना दिवस मनाया। शांतिपुरम स्थित परिसर में कमांडेंट आरके निगम ने क्वार्टर गार्द की सलामी ली। सैनिक सम्मेलन में जवानों को बटालियन के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया गया। कमांडेंट ने विजयी बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए पुरस्कार दिए।

मनाया 29वां स्थापना दिवस

101 आरएफ वाहिनी परिसर शांतिपुरम में 29 वें स्थापना दिवस की कमांडेंट आरके निगम ने क्वार्टर गार्ड की सलामी ली. इस दौरान सैनिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया. इसमें सभी कर्मचारियों को वाहिनी के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया गया. कमांडेंट ने सभी से दृढ़ता व ईमानदारी से कार्यों को पूर्ण करने की अपील की. इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता, ड्राइंग कम्पटीशन व कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति हुई.

పోలీసు బలగాల ప్రత్యేక కవాతు

పోలీసు బలగాల కవాతు

కరీంనగర్ నేరవార్తలు, న్యూస్‌టుడే : ఎన్నికల సందర్భంగా ఎలాంటి అవాంఛనీయ సంఘటనలు చోటు చేసుకోకుండా కరీంనగర్ మూడో ఠాణా పరిధిలో శనివారం పోలీసు ప్రత్యేక బలగాలు కవాతు నిర్వహించారు. ఆక్టోపస్, ఆర్‌పీఎఫ్ తరహాలో శిక్షణ పొందిన సిటీ రాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్, క్యూఆర్‌టీ 500 మంది కమెండోలు ఠాణా పరిధిలోని ఖాన్‌పుర, హుసేనిపుర, నాఖాచౌరస్తా, కిసాన్‌నగర్, గాంధీ రోడ్డు మీదుగా మంచిర్యాల చౌరస్తా వరకు కవాతుగా వచ్చారు. ప్రజలు పూలమాలలు, పుష్పగుచ్ఛాలతో సన్మానించారు. అదనపు డీసీపీ సంజీవ్‌కుమార్, కరీంనగర్ టౌన్ ఏసీపీ అశోక్, ఒకటో ఠాణా సీఐ తుల శ్రీనివాసరావు, రెండో ఠాణా సీఐ సి. హెచ్ దేవారెడ్డి, మూడో ఠాణా సీఐ విజయ్ కుమార్ పాల్గొన్నారు.

NamasteTelangana (TS)

నగరంలో కేంద్ర బలగాల ఫ్లాగ్‌మార్చ్

కరీంనగర్ క్రైం: ఎన్నికల నేపథ్యంలో కరీంనగర్ కమిషనరేట్‌కు విచ్చేసిన కేంద్ర బలగాలతో శనివారం ఖాన్‌పుర, హుస్సేన్‌పుర, గోదాంగడ్డ, కిసాన్‌నగర్, గాంధీ చౌక్, మంచిర్యాల చౌరస్తా ప్రాంతాల్లో పోలీసులు ఫ్లాగ్ మార్చ్ నిర్వహించారు. కేంద్ర బలగాల ఉన్నతాధికారులతో అడిషనల్ డీసీపీ సంజీవ్‌కుమార్, టౌన్ ఏసీపీ అశోక్ పాల్గొన్నారు. వీధుల గుండా తిరుగుతూ ఎన్నికల నిబంధనలు, భద్రతా చర్యలపై అవగాహన కల్పించారు. స్థానిక యువకులు, పాఠశాలల విద్యార్థులు కేంద్ర బలగాల ఉన్నతాధికారులకు స్వాగతం పలికారు. 500 మంది ర్యాలీలో పాల్గొన్నారు.



స్వాగతం పలుకుతున్న కరీంనగర్ ఏసీపీ అశోక్‌కుమార్

Photos of Deployment/Fam-ex/World Aids Day Organised by RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजय, भारत माता की जय।